राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश प्रक्रिया कल से

ई-मित्र के माध्यम से आवेदन की अंतिम तिथि 19 जून

ओसियां @ पत्रिका. स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार जैन ने बताया कि छात्र ऑनलाइन आवेदन 10 जून से ई मित्र पर कर सकते हैं। बीकॉम प्रथम वर्ष, बीए प्रथम वर्ष, बीएससी मैथमेटिक्स प्रथम वर्ष, बीएससी बायोलॉजी प्रथम वर्ष के लिए आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज के साथ जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, अपनी मेल आईडी , अपने व्हाट्सएप मोबाइल नंबर, पिता का आय प्रमाण पत्र, 10वीं और 12वीं की अंक तालिकाओं, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र आदि जो भी लागू हो,के साथ ई मित्र पर आवेदन कर सकते हैं।

विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना

लोहावट पत्रिका. राजकीय महाविद्यालय लोहावट एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय लोहावट में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 10 जून से शुरू होगी। नोडल प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार जैन ने बताया कि छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन 10 जून से ई-मित्र पर कर सकते हैं। दोनों महाविद्यालयों के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के नोडल अधिकारी शेखर कवंरिया एवं नोडल अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज के साथ जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, स्वयं की मेल आईडी, व्हाट्सएप मोबाइल नंबर, पिता का आय प्रमाण पत्र, 10वीं और 12वीं की अंक तालिकाओं, जाति प्रमाण-पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र आदि जो लागू हो। उसके साथ ई-मित्र पर आवेदन कर सकते है। हेल्प डेस्क के प्रभारी डॉ. अर्जुनलाल यादव ने बताया कि प्रवेशार्थी किसी भी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय समय में महाविद्यालय हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते है। (निसं)